न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, चौमूं (जयपुर)

मु.न. 14/2018

उनवान

1. गणेश पुत्र भैरू, जाति बागडा ब्राह्मण, निवासी ग्राम बाई का बास, तहसील चौमूं, जिला जयपुर।

--प्रार्थीगण

बनाम

1. श्यामलाल पुत्र कानाराम, जाति अहीर
2. भंवर सिंह पुत्र हनुमान सिंह, जाति राजपूत
3. कजोडमल पुत्र रामू, जाति अहीर
4. नाथूलाल पुत्र रामू, जाति अहीर
5. मोहनलाल पुत्र रामू, जाति अहीर
   समस्त निवासी ग्राम बाई का बास, तहसील चौमूं, जिला जयपुर।
6. जगदीश पुत्र रामेश्वर, जाति अहीर
7. शंकर पुत्र रामेश्वर, जाति अहीर
8. सरजु देवी पत्नी रामेश्वर, जाति अहीर
   समस्त निवासी ग्राम खपरिया, तहसील चौमूं, जिला जयपुर।
9. राजस्थान सरकार जरिये लैण्ड होल्डर, तहसीलदार महोदय, तहसील चौमूं, जिला जयपुर।

-- अप्रार्थीगण

<u>प्रार्थना पत्र बाबत् पत्थरगढी अन्तर्गत धारा 111, 128, एल0 आर0 एक्ट</u>

निर्णय दिनांक- 9/11/2021

पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थना पत्र में निवेदन किया है कि वाके ग्राम बाई का बास, पटवार हल्का धिनोई, निरीक्षक क्षेत्र कालाडेरा, तहसील चौमूं, जिला जयपुर में स्थित भूमि खसरा नम्बर 603/2 रकबा 0.70 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 606 रकबा 2.02 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 608 रकबा 0.10 हैक्टेयर कुल किता 3 का कुल रकबा 2.82 हैक्टेयर भूमि स्थित है जो सम्पूर्ण ही प्रार्थी के नाम से राजस्व रिकॉर्ड दर्ज है।

प्रार्थी की भूमि खसरा नम्बर 603/2, 606, 608 के चारों दिशाओं में लगवा आराजी खसरा नम्बर 601, 602, 609/1, 368, 380, 616, 488/2, 489, 603/1, 604, 605 की भूमि स्थित है जो कि अप्रार्थीगण संख्या 1 ता 9 की भूमि स्थित है।

उपरोक्त वर्णित प्रार्थी की भूमि खसरा नम्बर 603/2, 606, 608 का सीमाज्ञान श्रीमान् तहसीलदार महोदय, चौमूं के आदेश दिनांक 26.05.2009 की अनुपालना में पटवारी हल्का द्वारा दिनांक 08.06.2009 को मौके पर पंहुचकर उपस्थित व्यक्तियों के समक्ष गै0 मु0 चाह खसरा नम्बर 601, 238, 613, 617 को आप[illegible] नापकर जांच किया इसके बाद खसरा नम्बर 603 का उत्तरी पूर्वी कोना 6 जरीब [illegible] चाह नम्बर 238 से उक्त कोने पर 15 जरीब 4 गटटा नाप कर कायम किया गया। इसके बाद पूर्व से पश्चिम सी[illegible] 16 जरीब 4 गटटा नापकर उत्तरी पश्चिमी कोने पर चाह नम्बर 238 से 13 जरीब 1 गटटा नापकर कायम किया। इसके बाद उक्त उत्तरी-पश्चिमी कोना से दक्षिण पश्चिमी कोना पर 14 जरीब 7 गटटा नापा गया व चाह नम्बर 613 से 6 जरीब व चाह नम्बर 617 से 13

Signature Not Verified
Digitally signed by Rahul Jain
Date: 2021.12.09 11:10:18 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner